# विज्ञान-तकनीक प्रवाह

त्रैमासिक समाचार पत्र

अंक 5,6, पृष्ठ 20 मई से अक्तूबर, 2023

www.himtu.ac.in




## हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय

हमीरपुर-177001

# विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधा देना सरकार की प्राथमिकताः सुखविंदर

## मुख्यमंत्री ने की तकनीकी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन की वास्तुकला की प्रशंसा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने 9 जुलाई, 2023को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शैक्षणिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण कार्यक्रम में तकनीकी विवि के शैक्षणिक भवन की वास्तुकला की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रदेश में अत्याधुनिक सुविधा मुहैया करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। तकनीकी विवि के शैक्षणिक भवन का निर्माण 25.04 करोड़ रूपए की लागत से हुआ है। शैक्षणिक भवन में स्मार्ट क्लास रूम, लाईब्रेरी, डाटा सेंटर, वेब स्टूडियो, लैब, सम्मेलन समागार स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने भवन के लोकार्पण के बाद स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर लैब और सम्मेलन सभागार का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, केसीसीबी के चेयरमैन कुलदीप पठानिया, डॉ पुष्पेंद्र वर्मा, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक डॉ आकृति शर्मा, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर सहित अन्य गणमान्य मौजूद प्रो जयदेव सहित अन्य अधिकारी, प्राध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।









## तकनीकी विवि को दें बहुविषयक विश्वविद्यालय का दर्जा

कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को मांग पत्र सौंपा। संघ ने तकनीकी विवि को बहुविषयक विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की मांग उठाई, जिसमें हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा व चंबा जिला के महाविद्यालयों को शामिल किया जाए। इसके अलावा तकनीकी विवि को प्रतिवर्ष आवर्ती अनुदान देने, प्राध्यापकों और गैर–शिक्षकों के नए पद सृजित करने, तकनीकी विवि के शासक मंडल बीओजी का गठन करने, वित्त समिति की बैठक जल्द करने की मांग उठाई। वहीं, आउटसोर्स कर्मचारियों ने भी मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा, जिसमें आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थाई नीति बनाने की मुख्य मांग रखी।

## त्रैसिक समाचार पत्र के चौथे अंक का विमोचन

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के त्रैमासिक समाचार पत्र विज्ञान–तकनीक प्रवाह के चौथे अंक का विमोचन किया। इससे पूर्व तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने मुख्यमंत्री व अन्य गणमान्य अतिथियों को तकनीकी विवि परिसर आगमन पर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित अन्य अधिकारी, प्राध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मॉकटेल और चार्ट प्रतियोगिता में अतुल व सौरभ प्रथम



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के होटल प्रबंधन विभाग ने राष्ट्रीय पेय दिवस के नियमित मॉकटेल और चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में होटल प्रबंधन विभाग के अतुल और सौरभ ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दूसरे स्थान पर अदिति रही। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर होटल प्रबंधन विभाग के प्राध्यापक चंद्र वरुण, यशवीर भारद्वाज, राहुल कौंडल भी उपस्थित रहे।

# समाज को मजबूत बनाने में भूमिका निभाएं युवाः प्रो शशि

समाज को मजबूत बनाने में आज के युवा वर्ग को सबसे अहम भूमिका निभानी होगी। जिससे एक सक्षम राष्ट्र के रूप में देश को दुनिया के सामने प्रस्तुत हो सकें। आज के युवा वर्ग से समाज के सभी लोगों को बड़ी अपेक्षा है, जिसमें खरा उतरने के लिए वर्तमान युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। यह बात तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने नशे के खिलाफ आयोजित जागरूकता व्याख्यान में कही। तकनीकी विवि परिसर में यूथ रैडक्रॉस सोसायटी इकाई ने एक व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें कुलपति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि समाजसेवी डॉ पुष्पेंद्र वर्मा मुख्यवक्ता रहे। कुलपति ने कहा कि नशे के खिलाफ सभी युवाओं को एकजुटता के साथ खड़े होने की जरूरत है। जिससे समाज की अपेक्षा के ऊपर युवा सही उतर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप तकनीकी विवि के एंबेसडर हैं, आप जो विश्वविद्यालय की छवि बनाएं, वहीं समाज में जाएगी। इसलिए अपने शिक्षण संस्थान की बेहतर छवि बनाने और युवा वर्ग को नशे से दूर रखने में सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वहीं, मुख्यवक्ता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि आज के दौर में जो नशा समाज में फैला है, उससे युवा वर्ग का मानसिक और शारीरिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर के सभी विद्यार्थी नशे के दुष्प्रभावों से परिचित हैं, इसलिए नशे जैसे कुरीति को समाज से खत्म करने के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि सिंथैटिक नशा युवाओं को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की ओर धकेल रहा है। साथ की ऐसे नशे के कारण आए दिन अपराध की घटनाएं भी आए दिन देखने को मिल रही है। इसलिए नशे के खिलाफ अपने सभी को स्वयं से शुरूआत करनी होगी और अपने आसपास के लोगों को इसकी जकड़ से मुक्त करना होगा। इस मौके पर सहायक कुलसचिव सुरेंद्र कुमार, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश राक्टा, अमित कुमार सहित अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।





# युवा खुले मन से सोच तकनीक के क्षेत्र में नवाचार पर करें काम

## तकनीकी विवि ने मनाया 25 वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार ने की, जबकि उपायुक्त हमीरपुर हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का इस वर्ष का विषय, "स्कूल टू स्टार्टअप–इग्नाइट यंग माइंड्स टू इनोवेट" है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक संदेह करने की प्रवृति विकसित नहीं होगी, तब तक नवाचार के बारे में नहीं सोचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस भी किसी विषय को लेकर संदेह हो, जो उसका तथ्यों के साथ हल करने की क्षमता को विकसित करने की दिशा में आज के युवाओं को सोचना चाहिए, जिससे देश में नई तकनीकों को समाज के विकास के लिए प्रस्तुत किया जा सकें। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुले मन से नए आईडिया व नवाचार पर काम करना चाहिए, आज के दौर में अब संसाधनों की कोई कमी नहीं है। जो रिसोर्स सरकार और शिक्षण संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, उनका उपयोग युवाओं को नवाचार और नई तकनीक विकसित करने के लिए करना चाहिए। साथ ही उन्होंने आए दिन तकनीक के क्षेत्र में आ रहे बदलाव के साथ नए कौशल को ग्रहण करने के लिए भी युवाओं को तैयार होगा। जिससे रोजगार के सभी द्वार खुले रह सकें। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में विद्यार्थियों के लिए खुला मंच रखा गया है, जिस भी विषय में विद्यार्थी की रूचि है, उसमें वह पढ़ाई कर सकता है। इस मौके पर अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, सहायक कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, प्राध्यापक व विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रोत्साहन के लिए चल रही कई योजनाएं – कुलपति

तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कहा कि आज हम 25वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा भारत ने साल 1998 में पोखरण–दो न्यूक्लियर टेस्ट में एक बड़ी सफलता अपने नाम की थी। वहीं, पोखरण–एक भारत की पहला न्यूक्लियर टेस्ट था। पहला न्यूक्लियर टेस्ट साल 1974 में किया गया था। इसे स्माइलिंग बुद्धा के नाम से जाना जाता है। जहां तक पोखरण–दो की बात करें, तो भारतीय सेना ने टेस्ट रेंज से पांच न्यूक्लियर धमाके किए थे। इस न्यूक्लियर टेस्ट का कोड नेम शक्ति–एक न्यूक्लियर मिसाइल था। भारत को न्यूक्लियर टेस्ट में मिली सफलता के बाद ही तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 मई का दिन प्रौद्योगिकी दिवस के नाम किया था। कुलपति ने कहा युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी को करियर के रूप में अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आज कई योजनाएं व कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसलिए ऐसे रिसोर्स का सही प्रयोग करते हुए युवाओं को समाज के कल्याण के लिए नवाचार व नई तकनीक को विकसित करने की दिशा में काम करना चाहिए

# तकनीकी विविः 6731 अभ्यर्थियों ने 15 परीक्षा केंद्रों पर दी प्रवेश परीक्षा



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की प्रवेश परीक्षा 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। प्रवेश परीक्षा में 6731 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। तकनीकी विवि की कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) के लिए 7599 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, जिसमें से 868 अभ्यर्थी नदारद रहे। तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई, जिसमें सुबह के सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी व एमसीए की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें कुल 6476 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। सांय के सत्र में धर्मशाला और तकनीकी विवि परिसर दड़ूही में एमबीए, एमबीए (पर्यटन) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 293 में से 255 अभ्यर्थियों उपस्थित रहे। कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। दो परीक्षा केंद्र धर्मशाला और दो पालमपुर में स्थापित किए गए थे, जहां पर सुबह के सत्र में 1907 में से 1690 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। धर्मशाला के परीक्षा केंद्र में सायं के सत्र में 126 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। वहीं, हमीरपुर जिला में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां सुबह व सायं के सत्र में 2184 में से 1977 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इसके अलावा चंबा में एक, मंडी में एक, कुल्लू में एक, बिलासपुर में एक, ऊना में एक, सोलन में एक, शिमला में एक, सिरमौर के नाहन में एक और चंडीगढ़ में स्थापित एक परीक्षा केंद्र पर भी प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

# तकनीकी विविः एमबीए पर्यटन के आठ विद्यार्थी चयनित




हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन विभाग के आठ विद्यार्थियों का चयन गुड़गांव की नामी ट्रैवल एजेंसी में हुआ है। ट्रैवल एजेंसी ने ऑनलाइन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया है। सभी चयनित विद्यार्थी अंतिम सत्र के हैं, जिसमें प्रशांत ठाकुर, रोहित कुमार, संजय ठाकुर, श्रद्धा गोयल, रोहित, स्मृति शर्मा, सुमित चौधरी, तरूण शर्मा शामिल है। चयनित विद्यार्थियों को तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रदर्शन के आधार पर फिर स्थाई नियुक्ति दी जाएगी। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान व अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी अनामिका रांगड़ा, यथार्थ वैद्य, एमबीए पर्यटन के प्राध्यापक विनीत कुमार, आयुष गुलेरिया, अजय भारती व रिया ठाकुर उपस्थित रही।

# कंप्यूटर साईस, मशीन लर्निंग में बैचलर इन साईंस करवाएगा तकनीकी विवि

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) कोर्स को पढ़ाने की योजना बनाई है। जिसके लिए तकनीकी विश्वविद्यालय ने काम शुरू कर दिया है। जिसे बैचलर ऑफ साईंस (बी.एस.) नाम दिया है। एसटीईएम कोर्स में विद्यार्थी के लिए दोहरी डिग्री का प्रावधान रहेगा। साथ ही मल्टीपल एग्जिट एंड मल्टीपल एंट्री की व्यवस्था रहेगी। एसटीईएम कोर्स में बैचलर–मास्टर इन साईंस के साथ ऑनर्स की डिग्री कर सकते हैं। कंप्यूटर साईस, मैनेजमेंट साईंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रिनफोर्समेंट लर्निंग, डाटा साईस, बिजनेस एनालिटिक्स एंड सस्टेनेबिलिटी, डेवलपमेंट स्टडीज एंड पब्लिक पॉलिसी विषयों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना शुरू कर दिया है, जिसके लिए विशेषज्ञों की बीओएस (बोर्ड ऑफ स्टडीज) का आयोजन किया गया। बीओएस में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने दोहरी डिग्री प्रोग्राम के बारे में विशेषज्ञों के समक्ष पाठ्यक्रम तैयार करने का प्रस्ताव रखा। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत अब स्नातक स्तर के कोर्स का पाठ्यक्रम चार साल के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिसमें मल्टीपल एग्जिट एंड मल्टीपल एंट्री की सुविधा विद्यार्थियों के लिए रहेगी। एक साल पूरा करने के बाद कोई विद्यार्थी छोड़ेगा, तो उसे अंडर ग्रेजुएट सर्टिफिकेट, चार सत्र अर्थात दो साल के बाद छोड़ने वाले को अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा, तीन साल पूरा करने वाले को बैचलर ऑफ साईस (बीएस) की डिग्री और चार तक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी को बैचलर ऑफ साईस (ऑनर्स या रिसर्च ऑनर्स) की डिग्री दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द की तकनीकी विवि की शैक्षणिक परिषद की बैठक में एसटीईएम कोर्स को शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के निदेशक प्रो ललित अवस्थी, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# तकनीकी विवि में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में कौशल विकास निगम और जिला कौशल समिति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राइस वाटरहाउस कूपर्स और कौशल विकास निगम की टीम ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही स्वरोजगार और उद्यमिता के बीच अंतर भी समझाया। कंपनी की ओर से आए सुगंधा और सतादु साहा ने कहा कि हमीरपुर जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों के नवाचार और नए आइडिया को एक मंच दिया जा रहा है। वहीं, कौशल विकास निगम के जिला संयोजक अश्वनी कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के कौशल को विकसित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों के अवाला प्राध्यापक अनामिका रांगड़ा व यथार्थ वैद्य भी उपस्थित रहे।





# कुल्लू में पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों का नेतृत्व विकास शिविर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों का कुल्लू जिला के रायसन में सात दिवसीय नेतृत्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूसरे सेमेस्टर के 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, हाई रोप कोर्स, ट्रेकिंग, कैंपिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल कैंप व आउट डोर में रहने का कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जाना। हिमालयन वागाबॉन्ड एडवेंचर्स ने नेतृत्व विकास शिविर के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए रोहित पटियाल को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। तकनीकी विवि में वीरवार को शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने रिपोर्ट जमा करवाई। इस मौके पर पर्यटन विभाग के प्राध्यापक विनीत कुमार, आयुष गुलेरिया, अजय भारती व रिया ठाकुर उपस्थित रही।





# पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति के विज्ञान को समझना जरूरीः प्रो शशि

## तकनीकी विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में पर्यावरण विज्ञान विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। पर्यावरण विज्ञान विभाग ने प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया। प्लास्टिक प्रदूषण के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे, जिससे इस पृथ्वी को हम प्लास्टिक प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों से बचा सकें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति के विज्ञान को समझना जरूरी है। इस मौके पर आयोजित युवा संसद में एमसीए के साहिल शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर एमबीए (पर्यटन) के संजय और तीसरे स्थान पर पर्यावरण विभाग की साक्षी चंदेल रही। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, चुनौतियां और समाधान के बारे में पक्ष रखें। इसके अलावा पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक के कचरे से बनाए मॉडल और वैज्ञानिक शोध पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई। कार्यक्रम में पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ नीटू कपूर, डॉ वैष्णव किरण भी उपस्थित रही।



# रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए प्रैक्टिकल ज्ञान होना बहुत जरूरीः प्रो शशि

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के भौतिक विज्ञान विभाग ने एक दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि एनआईटी हमीरपुर के प्राध्यापक विनोद कुमार ने बतौर स्त्रोत व्यक्ति रहे। कार्यशाला में एमएससी भौतिक विज्ञान बीटेक (सीएसई) के विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक तरीके के बारे में बताया। वहीं, कुलपति ने शिक्षा क्षेत्र पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विशेष रूप से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रभाव के साथ–साथ पर्दे के पीछे काम करने वाले कुशल इलेक्ट्रीशियन और इंजीनियरों के योगदान की सराहना की और कहा कि भौतिकी विभाग भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं एवं गोष्ठियों का आयोजन निरंतर करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अकादमिक के साथ–साथ रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए प्रैक्टिकल ज्ञान होना बहुत जरूरी है। रिसोर्स पर्सन विनोद कुमार ने फिजिक्स लैब में इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के ऊपर प्रैक्टिकल ज्ञान दिया। उन्होंने बताया कि यदि आप चीजों को प्रयोग नहीं करते हैं, तो थ्योरी किसी काम की नहीं है। उन्होंने प्रस्तुतियों और प्रदर्शनों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल के उपकरणों की सक्रिय भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को उनके कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रैक्टिकल पाठ्यक्रम जोड़ने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यशाला के माध्यम से, छात्रों ने इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के बेसिक फीचर्स को समझा और लैब उपकरणों को संभालने की विभिन्न सावधानियों का पालन करने की जानकारी हासिल की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना और उन्हें विषय का प्रैक्टिकल ज्ञान प्रदान करना था। इस मौके पर भौतिकी विभाग के समन्वयक डॉ. जेपी शर्मा, डॉ मीना, डॉ विजय, डॉ अंजलि, डॉ जगत राम सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।




# मन की शांति के लिए नियमित करें योगः कुलपति

हर व्यक्ति योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, जिससे मन की शांति प्राप्त हो सकें। व्यक्ति चाहे कोई भी काम दिन में करता है, लेकिन उस काम को गति और तय समय अवधि में पूरा करने के लिए शरीर को तैयार करना होता है। उसके लिए योग सबसे बढ़िया साधन है। यह बात तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। तकनीकी विवि में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का इस वर्ष का थीम "वसुधैव कुटुम्बकम् के लिए योग" और इस वर्ष की टैगलाइन "हर आंगन योग"। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को योग से जोड़ना है। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार ने भी योग विषय के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित योग विभाग के प्राध्यापक राजेश राक्टा सहित अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# पश्चिमोत्तान में मधु, शीर्षासन में अमित प्रथम

तकनीकी विवि के योग विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नियमित योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रणव नाद प्रतियोगिता में एमबीए पर्यटन के संजय कुमार प्रथम, पश्चिमोत्तान आसान में एमबीए की मधु प्रथम, सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में बीटेक का अखिल कुमार प्रथम, शीर्षासन व वक्र आसन में एमबीए के अमित ने प्रथम स्थान हासिल किया। कुलपति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इसके अलावा राजकीय उच्च पाठशाला सवाहन बडू और मटाहणी स्कूल में योग अभ्यास वर्ग व एक सप्ताह का योग शिविर भी लगाया।



# कुलपति प्रो शशि धीमान की अध्यक्षता में शैक्षणिक परिषद की 31वीं बैठक

## पालमपुर में ऑफ कैंपस खोलेगा तकनीकी विश्वविद्यालय

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की शैक्षणिक परिषद (एसी) की 31वीं बैठक कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पालमपुर में स्थित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय में तकनीकी विवि का ऑफ कैंपस खोलने का प्रस्ताव रखा गया। तकनीकी विवि का ऑफ कैंपस में इंजीनियरिंग के कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव है, जिसे अब प्रदेश सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही प्रदेश के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीएचडी शुरू करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, जिसे लागू करने के लिए अधिष्ठाता शैक्षणिक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने को स्वीकृति दी। इसके अलावा शैक्षणिक परिषद ने विभिन्न विषयों के नए पाठ्यक्रम को भी मंजूरी प्रदान की गई, जो बोर्ड ऑफ स्टडीज में पारित किए गए हैं। कुलपति ने कहा कि सभी इंजीनियरिंग, फार्मेसी सहित अन्य स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों को नया पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप तैयार किया गया है। जिसमें चार साल की इंटीग्रेटेड डिग्री करने का प्रावधान रखा गया है, जिसमें भारतीय ज्ञान प्रणाली को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है। तकनीकी विवि की शैक्षणिक परिषद की बैठक में कुलसचिव अनुपम कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो ललित अवस्थी सहित, प्रो दीपक बंसल, प्रो हिमांशु मोंगा, डॉ विनय ठाकुर, डॉ एल राजू, प्रो उमेश राठौर, डॉ विवेक शर्मा, डॉ राकेश कुमार, डॉ एसपी गुलेरिया, डॉ गुरविंदर सिंह उपस्थित रहे, जबकि प्रो मनोज शर्मा, प्रो मुनीष वशिष्ठ ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े थे।





## तकनीकी विवि की परीक्षाएं शुरू

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन सुबह व सायं के सत्र में बी फार्मेसी, एमबीए पर्यटन, बीटेक सहित अन्य यूजी व पीजी कक्षाओं के नियमित सेमेस्टर व रि–अपीयर की परीक्षा हुई। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ने कहा कि यूजी व पीजी कक्षाओं की परीक्षाएं शुरू हो गई है। तकनीकी विवि सहित 36 संबंधित शिक्षण संस्थानों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जहां परीक्षाएं सुचारू रूप से आयोजित की जाएगी। तकनीकी विवि की परीक्षाएं 31 जुलाई तक होनी प्रस्तावित है।



## तकनीकी विविः बी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

### राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रक्कड़ की कनिका कौशल बैच की टॉपर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी (एलोपैथी) अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। बी फार्मेसी के अंतिम सेमेस्टर में 942 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 858 अभ्यर्थी उतीर्ण हुए हैं। 84 अभ्यर्थियों को रि–अपीयर आई है। वहीं, बी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर की रि–अपीयर की परीक्षा में 24 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिसमें 13 उतीर्ण हुए हैं। बी फार्मेसी 2019 से 2023 के सत्र में ऑल ओवर टॉप तीन स्थानों में राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रक्कड़ की कनिका कौशल ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दूसरे स्थान पर हाइपर कॉलेज नादौन की प्रियंका धीमान रहीं। तीसरा स्थान एचआईपी काला अंब की निष्ठा ने हासिल किया। इसके अलावा बी फार्मेसी (आयुर्वेद) अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया है। बी फार्मेसी (आयुर्वेद) अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा 28 विद्यार्थियों ने दी थी, जिसमें 27 विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ने कहा कि बी फार्मेसी (एलोपैथी–आयुर्वेद) अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते है।

# उद्देश्य को सामने रखकर ही पढ़ाई करें सभी विद्यार्थीः प्रो शशि

## नए विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान बोले तकनीकी विवि के कुलपति

जिस भी कोर्स में हमने दाखिला लिया है, उसके बाद में शुरूआत में ही हर विद्यार्थी को जानना बहुत जरूरी है। साथ ही हर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का उद्देश्य पहले ही सत्र में निर्धारित कर लें, कि उसे आखिर किस दिशा में जाना है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बीटेक और बीएचएमसीटी के प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के साथ संवाद में कही। तकनीकी विवि में बुधवार को इंडक्शन कार्यक्रम के समापन में कुलपति ने शिरकत की। कुलपति ने बीटेक और बीएचएमसीटी प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान परिचय और उनके उद्देश्य के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने भी कुलपति के साथ सीधे संवाद के दौरान विस्तारपूर्वक अपने-अपने विचार साझा किए। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में पढ़ाई का माहौल स्थापित करने के लिए एक-दूसरे के साथ संवाद करना चाहिए, जिससे नवाचार और नए आईडिया पर काम किया जा सकें। साथ ही कुलपति ने उपरोक्त दोनों विषय के विद्यार्थियों को बताया कि यह दोनों कोर्स बहुत व्यापक हैं। आज के दौर में इन कोर्स के पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने के लिए तकनीकी विवि के संसाधनों को सही उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।





# तकनीकी विविः नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम में पहले बीएचएमसीटी और बीटेक प्रथम सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, बिलासपुर के निदेशक कम प्राचार्य डॉ हिमांशु मोंगा ने नए विद्यार्थियों के साथ इंडक्शन कार्यक्रम में संवाद किया। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से अब सभी नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम में प्रथम सत्र में जोड़ा गया है। इंडक्शन कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों के साथ स्रोत व्यक्ति का सीधा संवाद होता है। जिसमें विद्यार्थी संस्थान या अपने कोर्स से संबंधित जिज्ञासा के बारे में जानकारी हासिल करता है। साथ ही सभी सहपाठी विद्यार्थियों का एक व्यापक परिचय भी होता है। इस मौके पर बीटेक और बीएचएमसी सहित अन्य विषयों के प्राध्यापक भी उपस्थित रहें।

# तकनीकी विविः अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र को दूसरे साल भी मंजूरी

## संस्कृत में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में दूसरे साल भी अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र चलाने का मंजूरी दी है। संस्कृत में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रवेश से संबंधित डिटेल अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं, साथ ही समर्थ पोर्टल का लिंक भी उपलब्ध है। अधिष्ठाता शैक्षणिक एवं केंद्र अधिकारी प्रो जयदेव ने कहा कि संस्कृत भाषा को आम बोलचाल की भाषा बनाने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से पिछले साल से तकनीकी विवि में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र खोला है। इस केंद्र में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो भी इच्छुक अभ्यर्थी संस्कृत में रूचि रखता है, वह प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। प्रवेश लेने के लिए किसी भी प्रकार की न्यूनतम योग्यता व उम्र की कोई सीमा बाध्य नहीं है। इस बार कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से लगाई जाएगी। बता दें कि पिछले वर्ष अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र में 72 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया था, जिसमें तकनीकी विवि के अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी और अन्य बाहरी लोग शामिल थे।

# तकनीकी विवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने 77 वां स्वतंत्रता दिवस परिसर में मनाया। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने तिरंगा फहराया। तकनीकी विवि में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों की टुकडी ने सलामी दी। कुलपति ने तकनीकी विवि के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सहायक कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, संपदा अधिकारी धीरज कौंडल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





# देश के युवाओं में नवाचार को लेकर उत्साहः डॉ वैभव

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में विश्व उद्यमिता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय के डीएसटी–टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर के प्रबंधक (प्रौद्योगिकी) डॉ एस वैभव ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों भारत में नवाचार, उद्यमिता, और स्टार्टअप विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान का आयोजन तकनीकी विवि के उद्यमिता विकास सेल द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रकट करना और भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने नवाचार आर्थिक विकास को कैसे प्रोत्साहित करता है, सफल उद्यमियों की महत्वपूर्ण गुण, और एक सफल स्टार्टअप प्रवृत्ति को शुरू और पोषण करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा यह सच में प्रेरणास्पद है कि छात्रों में नवाचार और उद्यमिता के प्रति उत्सुकता और उत्साह है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम में विकास हो रहा है, और ये युवा मनस्तर के नवाचारक और नेताओं की अगली पीढ़ी बनने की संभावना है। वहीं, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता प्रो जयदेव सहित टीपीओ अक्षय पटियाल ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय और एचपीटीयू के बीच का सहयोग भारतीय युवाओं के बीच नवाचार, रचनात्मकता, और उद्यमिता की एक संस्कृति को पोषण करने के लिए शैक्षिक संस्थानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व उद्यमिता दिवस पर युवा अभियंता चिराग ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने तकनीकी विवि के विद्यार्थियों के सॉफ्टवेयर डेवलपर की नौकरी की भूमिका और आईटी क्षेत्र में मार्गदर्शन के संदर्भ में सवालों के जबाव दिया। चिराग ठाकुर हमीरपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में गूगल में सेवाएं दे रहे हैं। इस मौके पर तकनीकी विवि के विद्यार्थियों के अलावा प्राध्यापक डॉ मनीष खन्ना, अनमिका रांगड़ा आदि उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों ने जानी बैंकिंग और स्टार्टअप योजनाएं

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीटेक, एमबीए विभाग के विद्यार्थियों को पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पीएनबी के क्रेडिट प्रबंधक कर्ण अब्रोल व मार्केटिंग प्रबंधक अर्पित शर्मा व वीरेंद्र सिंह ने बैंकिंग और स्टार्टअप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को बताई। वहीं, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव व प्राध्यापक अक्षय पटियाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्त और उद्यमिता की गतिशील दुनिया के बारे में जागरूक करना है।



# वित्त समिति की 22वीं बैठक में अनुमानित बजट प्रस्ताव पारित

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वित्त समिति की 22वीं बैठक कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव आशुतोष गर्ग, वित्त विभाग के विशेष सचिव रोहित जम्वाल, तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक विवेक चंदेल मौजूद रहे।



# तकनीकी विविः विद्यार्थियों को समझाया उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण का महत्व



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में एमबीए, एमबीए पर्यटन, बीटेक के विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में अवनी बायो एनर्जी व पाइन नीडल पावर प्लांट के संस्थापक रजनीश जैन ने बतौर वक्ता शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को साझा किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण परिवर्तन को समझने और उसका समाधान ढूंढने के लिए उनकी उपलब्धियों का विस्तार से विवेचन किया। उन्होंने अपनी उद्यमिता की कहानी के माध्यम से यह दिखाया कि कैसे यह संगठन ने पाइन नीडल से ऊर्जा उत्पन्न करके पर्यावरण के प्रति अपने संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमोट किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान से विद्यार्थियों को उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना है और उन्हें स्वयं को समृद्धि और सफलता की ओर एक कदम आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

# तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव विशेष रूप से मौजूद रहे। कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एक शिक्षक की विद्यार्थी के जीवन में क्या भूमिका और योगदान रहता है, इसके बारे में अनुभव साझा किए। वहीं, विद्यार्थियों ने कुलपति व अधिष्ठाता शैक्षणिक सहित सभी प्राध्यापकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।





# एनएसएस स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने मंगलवार को परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने तकनीकी विवि परिसर के शैक्षणिक भवन के आसपास प्लास्टिक सहित अन्य कचरा एकत्रित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीटू कपूर ने कहा कि स्वयंसेवियों द्वारा समय–समय पर इस प्रकार का अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एनएसएस इकाई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



# लोक कल्याण के लिए इंजीनियरिंग का प्रयोग करें युवाः डॉ चंद्र प्रकाश

## तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने मनाया राष्ट्रीय अभियंता दिवस

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आयुष, साक्षी व प्रणव की टीम प्रथम

भारत के जन-जन में इंजीनियरिंग है। यहां का हर व्यक्ति अपने आप में एक इंजीनियरिंग की भूमिका समाज के कल्याण के लिए निभाता है। इसलिए वर्तमान युवा पीढ़ी को भी पढ़ाई पूरी करने के बाद लोक कल्याण के लिए अपनी इंजीनियरिंग का प्रयोग करना चाहिए, जिससे समाज का हित हो सकें। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में राष्ट्रीय अभियंता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एनआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सह आचार्य डॉ चंद्र प्रकाश ने कही। उन्होंने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने युवाओं से आह्वान किया कि वह नवाचार और अपनी इंजीनियरिंग का प्रयोग देश और समाज के उत्थान के लिए करें, जिससे देश विकसित हों। साथ ही उन्होंने डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इससे पूर्व तकनीकी विवि के इंजीनियरिंग विभाग ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी करवाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एमसीए प्रथम सत्र के आयुष, साक्षी व प्रणव की टीम ने प्रथम, एमएससी भौतिक विज्ञान के योगेश, प्रशांत व प्रकृति की टीम ने द्वितीय और बीटेक के नितिन, दीपाली व विवेक आर्य की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग में एमसीए प्रथम सत्र की अंजली प्रथम, एमटेक की प्रियंका द्वितीय व एमसीए के अंशुल ने तृतीय स्थान पर रहा। डॉक्यूमेंट्री में बीटेक तृतीय सत्र के राजेश सिंह विजेता रहे। मुख्यातिथि और अधिष्ठाता शैक्षणिक ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने के लिए 2100, 1500 व 1200 रुपए की नगद राशि दी गई।









# संस्कृत में सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में संचालित अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्कृत में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रवेश से संबंधित डिटेल अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं, साथ ही समर्थ पोर्टल के https:@@sanskritnfse-samarth-edu-in लिंक पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। उधर, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक एवं केंद्र अधिकारी प्रो जयदेव ने कहा कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से पिछले साल से तकनीकी विवि में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र खोला है। इस केंद्र में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो भी इच्छुक अभ्यर्थी संस्कृत में रूचि रखता है, वह प्रवेश के लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। प्रवेश लेने के लिए किसी भी प्रकार की न्यूनतम योग्यता व उम्र की कोई सीमा बाध्य नहीं है। इस बार कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से लगाई जाएगी।

## तकनीकी विविः बीटेक की सभी ब्रांच के विद्यार्थी पढ़ेंगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की शैक्षणिक परिषद की बैठक बुधवार को हुई। शैक्षणिक परिषद (एसी) की 32वीं बैठक की अध्यक्षता तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने की। शैक्षणिक परिषद ने बीटेक (सभी ब्रांच) और बीसीए के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा साइंस (डीएस) को मुख्य विषय के रूप में और मशीन लर्निंग (एमएल)/रीइन्फोर्समेंट लर्निंग (आरएल) को वैकल्पिक रूप से पढ़ाई के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एसी ने उपरोक्त प्रस्ताव के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) का गठन कर पाठ्यक्रम तैयार करने को स्वीकृति दी है, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से बीसीए और बीटेक की सभी ब्रांच के विद्यार्थी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अध्ययन कर सकें। इसके अलावा बैठक में विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं सदस्य सचिव अनुपम कुमार ठाकुर, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो ललित अवस्थी, डॉ एसपी गुलेरिया, डॉ हिमांशु मोंगा, डॉ मनोज शर्मा, डॉ दीपक बंसल उपस्थित रहे, जबकि डॉ उमेश राठौर, डॉ विवेक कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ अभिलाष, डॉ मनीष वशिष्ठ, डॉ राजूल अस्थाना व डॉ विनय कुमार आभासी माध्यम से मौजूद रहे।




## जमीन व पर्यावरण की अनुकूल पर्यटन को दें बढ़ावाः प्रो नितिन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग का विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विवि के अधिष्ठाता प्रो जयदेव ने की, जबकि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पर्यटन विभाग के प्रो नितिन ब्यास मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौरे में पूरे विश्व में पर्यटन तीसरे नंबर का सबसे बड़ा उद्योग है। हर व्यक्ति पर्यटन से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जमीन, पर्यावरण और हर देश की संस्कृति के अनुकूल पयर्टन को बढ़ावा देना समय की जरूरत है। अगर हम जमीन और पर्यावरण के अनुरूप पर्यटन कारोबार को आगे करेंगे, जो उसके परिणाम घातक हो सकते है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई आपदा भी उसका एक उदाहरण है। इसलिए पर्यटन की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों से उन्होंने आह्वान किया कि वह प्रदेश के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए पर्यटक स्थलों को विकसित करने में अपनी भूमिका निभाएं। जिससे देश व प्रदेश की आर्थिक भी बढ़ सकें और स्वरोजगार में वृद्धि हो। इस मौके पर पर्यटन विभाग के प्राध्यापक विनीत कुमार, पायल सूद, डॉ नीटू कपूर, डॉ जेपी शर्मा सहित प्राध्यापक मौजूद रहे।

## विश्व पर्यटन दिवसः योगाभ्यास में अश्वनी, मॉकटेल में रजत प्रथम

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग की ओर से विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों से हिमाचल की परिस्थितियों  अनुकूल पर्यटन को आगे विकसित करने की बात कही, ताकि प्रकृति व पर्यावरण का भी सरंक्षण हो सकें। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने पर्यटन विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम सत्र के सक्षम और शंभू मन्हास की टीम प्रथम, एमबीए के नमन कुमार और अक्षय शर्मा की टीम द्वितीय व एमबीए पर्यटन के तीसरे सत्र के रोहित पटियाल व अनमोल अग्रवाल की टीम तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में एमबीए प्रथम सत्र की प्रियंका ने पहला, एमएससी भौतिक विज्ञान की अदिति ने दूसरा और एमबीए की तमन्ना ने तीसरा स्थान हासिल किया। रैंप वॉक में एमबीए प्रथम सत्र की साक्षी भाटिया प्रथम, एमएससी पर्यावरण विज्ञान के दूसरे सत्र की कीर्ति शर्मा द्वितीय और एमसीए तीसरे सत्र की सृष्टि तृतीय स्थान पर रही। योग आसन में अश्वनी कुमार, कोमल और अभिषेक ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। मॉकटेल में बीएसएमसीटी के रजत कुमार, अतुल कटोच, संचित सोनी विजेता रहे। पर्यावरण अनुकूल शिल्पकला में अल्पाइन साहसिक मॉडल प्रथम, अटल सुरंग का मॉडल द्वितीय और कशिश का मॉडल तृतीय स्थान पर रहा। पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के समन्वयक प्राध्यापक विनीत कुमार ने कहा कि इस वर्ष का विश्व पर्यटन दिवस का थीम पर्यटन एवं हरित निवेश पर आधारित रहा। विद्यार्थियों की सभी गतिविधियां थीम पर आधारित की रही। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं व संस्थानों के सौजन्य से यह कार्यक्रम सफल हुआ है।

# विश्व पर्यटन दिवस

















## मॉक ड्रिल





# साक्षी का कविता पाठ प्राकृति का सुलेख सबसे सुंदर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में हिंदी दिवस के निमित्त हिंदी कविता पाठ और सुलेख लेखन प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में तकनीकी विवि में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुलेख लेखन प्रतियोगिता के बीस प्रतिभागियों में भौतिक विज्ञान विभाग की प्रकृति शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा ने द्वितीय और एमए योग की आंचल ठाकुर तृतीय रही। वहीं, कविता पाठ में एमबीए प्रथम सत्र की साक्षी भाटिया ने प्रथम, अभिषेक सोनी ने द्वितीय और बीएचएमसीटी के अमन जसवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में समापन समारोह में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि जिला भाषा अधिकारी हमीरपुर नीकू राम मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कविता पाठ व सुलेख लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ नीटू कपूर, चंद्र वरुण सहित अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।



# तकनीकी विवि के अभय व आकांक्षा ने यूजीसी अध्यक्ष से किया संवाद

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के दो विद्यार्थियों ने संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित शैक्षिक भ्रमण में भाग लिया। इस भ्रमण में तकनीकी विवि के एमएससी भौतिक विज्ञान विभाग के अभय बरवाल और बीटेक की आकांक्षा शर्मा का चयन हुआ था। इसके अलावा पूरे देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कुल 26 विद्यार्थी शामिल थे। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के निमित्त यह आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष प्रो एम. जगदीश कुमार से संवाद, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद मुख्यालय, नए संसद भवन, राजघाट सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में देश भर से युवाओं को गांधी और शास्त्री द्वारा अपनाए गए आदर्शों और मूल्यों का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाया, जिसमें सादगी, अखंडता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के महत्व पर जोर दिया गया। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और अन्य विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा करने को कहा।



# तकनीकी विवि: विद्यार्थियों को समझाया आपदा प्रबंधन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के परिसर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आपदा से निपटने के बारे में मॉक ड्रिल व व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। गृह रक्षा विभाग हमीरपुर के कंपनी कमांडेंट सुशील कुमार कौंडल ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा और मानव द्वारा निर्मित आपदा के बीच का अंतर समझाया और बचाव के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के तहत एक से 15 अक्तूबर तक इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर पूरे जिले भर में हो रहे हैं। जिसके निमित्त तकनीकी विवि में यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में उद्देश्य लोगों को आपदा से निपटने के बारे में जागरूक करना है। इस मौके पर तकनीकी विवि के सहायक कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, संपदा अधिकारी धीरज कुमार, फायर ऑफिसर राजेंद्र सिंह, कंपनी कमांडर अशोक रांगड़ा, प्रवीण धीमान, प्लाटून कमांडर राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# 26 से 28 अक्तूबर को होगा तकनीकी विवि का युवा उत्सव

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का युवा उत्सव 26 से 28 अक्तूबर तक होगा। तकनीकी विवि का इस शैक्षणिक सत्र का युवा उत्सव हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट काला अम्ब, सिरमौर में आयोजित किया जाएगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि सभी संबंधित बी फार्मेसी व इंजीनियरिंग के सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों को युवा उत्सव में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार युवा उत्सव में पांच सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी, जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, फ्री स्टाइल डांस, देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य और थीम आधारित स्किट/माइम शामिल है। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान युवा उत्सव में आने वाली टीम के बारे में ब्यौरा तय समय अवधि में आयोजक संस्थान को भेज दें।

# विज्ञान व तकनीक की पढ़ाई के साथ संस्कृत का अध्ययन भी जरूरीः प्रो शशि कुमार

## तकनीकी विवि में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

विज्ञान और तकनीक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए संस्कृत का अध्ययन भी जरूरी है। संस्कृत के बारे में जानकारी होने के कारण ही हम विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नया अनुसंधान कर सकते है, क्योंकि हमारे प्राचीन ग्रंथों में पहले से ही संस्कृत में व्यापक चीजें उपलब्ध है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र के दूसरे शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कही। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय नौरा के प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा मुख्यातिथि रहे, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि भारत की सभी भाषाओं की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारत की सभी भाषाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम हो रहे है। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों से संस्कृत का अध्ययन करने का आह्वान किया। वहीं, अधिष्ठाता शैक्षणिक एवं केंद्र अधिकारी ने कहा कि इस बार कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से लगाई जाएगी। अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए अभी 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर तकनीकी विवि के प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।



# संस्कृत से जुड़ा है हर व्यक्तिः डॉ राजेश

राजकीय महाविद्यालय नौरा के प्राचार्य व मुख्यातिथि डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि संस्कृत हर व्यक्ति में हैं। संस्कृत आज भी व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यू तक के संस्कार से जुड़ी है। फिर भी हम संस्कृत को व्यवहार में नहीं ला रहे है, जिससे आज भी संस्कृत को जागृति करने के लिए प्रयास करने पड़ रहे हैं। भारत में 16वीं शताब्दी तक सब कुछ संस्कृत भाषा में ही था, उसके बाद कई कारणों से भारत में संस्कृत की महत्वत्ता कम हुई, लेकिन आज एक बार फिर संस्कृत के उत्थान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें सफलता मिल रही है।





# जितनी जरूरत, उतना ही बनाएं भोजनः पुनीत बंटा

## विश्व खाद्य दिवस पर विद्यार्थियों को दी खाद्य सुरक्षा की सीख

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग ने विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस वर्ष के विश्व खाद्य दिवस का थीम "जल ही जीवन है, जल ही भोजन है" किसी को पीछे न छोड़ें" है। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हमें अपने घर से खाने की बर्बादी रोकने की पहल करनी होगी। जितने भोजन की एक समय में जरूरत रहती है, उतना ही कच्चा भोजन तैयार करें। जिससे पक्के भोजन को बाद में फैंकना न पड़े। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सबसे ज्यादा भोजन की बर्बादी होती है, जिसे ठीक करने के लिए हर स्तर पर सभी लोगों को भूमिका निभानी होगी, इसलिए हमें सबसे पहले अपने परिवार से ही इसकी शुरूआत करनी होगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री और पानी को बचाना हर व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे पहले बीएचएमसीटी के अमन और वंश जसवाल ने कविता पाठ के माध्यम से खाद्य सुरक्षा की सीख दी। इस मौके पर बीएचएमसीटी के प्राध्यापक चंद्र वरुण, राहुल कौंडल, धीरज सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे। वहीं, बीएचएमसीटी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विश्व खाद्य दिवस पर थीम पर आधारित खाद्य वस्तुओं से संबंधित चार्ट का निर्माण किया गया। जिसका अवलोकन आईएचएम के एचओडी पुनीत बंटा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। चार्ट प्रदर्शनी में 22 विद्यार्थियों ने खाद्य सुरक्षा पर अपनी प्रतिभा दिखाई।





# तकनीकी विविः विद्यार्थियों ने फल-सब्जियों पर बनाई कलाकृतियां

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस मनाया। शेफ दिवस के मौके पर बीएचएमसीटी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने फल-सब्जियों पर नक्काशी कर प्रदर्शनी लगाई। वहीं, तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला में भोजन तैयार किया। इस वर्ष का शेफ दिवस ग्रोइंग ग्रेट शेफ्स थीम पर मनाया गया, यह थीम दिवंगत शेफ डॉ बिल गैलाघेर को सम्मान देने के लिए रखा गया है। जिसका उद्देश्य दुनिया भर के अलग-अलग देशों के युवाओं को शेफ बनने की इच्छा के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। शेफ दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा फल-सब्जियों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, कुलसचिव कमलदेव सिंह कंवर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर तकनीकी विवि के वित्त अधिकारी नीरज सूद, सहायक कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, संपदा अधिकारी धीरज कौंडल, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर, प्राध्यापक चंद्र वरुण, राहुल कौंडल, यशवीर भारद्वाज भी मौजूद रहे।







# तकनीकी विवि के युवा उत्सव के लिए टीम रवाना

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का युवा उत्सव-2023 हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कालाअंब, सिरमौर में 26 से 28 अक्तूबर तक होगा। युवा उत्सव के लिए बुधवार को तकनीकी विवि परिसर का दल रवाना हुआ। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि तकनीकी विवि से सभी संबंधित बी फार्मेसी व इंजीनियरिंग सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार युवा उत्सव में पांच सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी, जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, फ्री स्टाइल डांस, देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य और थीम आधारित स्किट/माइम शामिल है।



# भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने किया आईएचबीटी और शानन पावर प्लांट का भ्रमण

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (सीएसआईआर आईएचबीटी) पालमपुर और शानन हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट, जोगिंद्रनगर और बरोट का दौरा किया। विद्यार्थियों ने उपरोक्त संस्थानों में विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जाना, जल विद्युत ऊर्जा संयंत्र की कार्यप्रणाली को समझा और छात्रों को अत्याधुनिक जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर काम कर रहे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों से संवाद किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को सीएसआईआर आईएचबीटी में नैनो सामग्रियों के विशिष्ट गुणों का अध्ययन करने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों और विधियों के बारे में जानकारी दी गई। वहां मौजूद टीम ने सैंपलिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एसईएम), ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (टीईएम) और यूवी माइक्रोस्कोप आदि के कार्य तंत्र को समझने और देखने का अवसर मिला, जिसके बाद छात्रों ने बांस संग्रहालय का दौरा किया। बांस से बने विभिन्न शिल्पों, आवश्यक वस्तुओं, इत्र आदि को देखा। छात्रों ने बरोट बांध, जलाशयों और जल विद्युत संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ जेपी शर्मा, विभागाध्यक्ष, डॉ मीना व डॉ विजय भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि धीमान और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित पूरे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।





# तकनीकी विवि में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने स्वतंत्रता आंदोलन और एक राष्ट्र में एकीकरण पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की सर्वोपरि भूमिका का सम्मान करने के लिए विद्यार्थियों ने एकता दिवस के महत्व पर अपने अपने विचार रखे। इसके बाद सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। इस मौके पर तकनीकी विवि के प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।



# समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें



## तकनीकी विश्वविद्यालय की 26 जून से शुरू होंगी परीक्षाएं

## तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की परीक्षाएं शुरू



## विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता : सी.एम.



## विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता: सुक्खू

₹2 crore for smart classrooms at Hamirpur college

## एलआर फार्मेसी कॉलेज वॉलीबाल के सेमीफाइनल में



## महिला कबड्डी में रोहडू और कैरम में एबीवीआईईटी शिमला अव्वल

## फार्मेसी कालेज रोहडू ओवरआल विजेता बना

## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति के विज्ञान को समझना जरूरी : कुलपति

## तकनीकी विवि में प्रवेश परीक्षा के लिए 7,595 ने किया आवेदन

## तकनीकी विवि में प्रवेश परीक्षा को 7595 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

## फार्मेसी कालेज रोहडू के नाम रही ओवरआल ट्रॉफी

## तकनीकी विवि : परीक्षा के लिए जारी किए प्रवेशपत्र

## 26 जून से 31 जुलाई तक होंगी परीक्षाएं

## बी फार्मेसी-बीटेक में काउंसलिंग के लिए 2 जुलाई तक करें आवेदन

## तकनीकी विवि में 26 जून से शुरू होंगी परीक्षाएं

## तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की परीक्षाएं शुरू

## तकनीकी विवि हमीरपुर में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

## पहले दिन तकनीकी विवि में बी फार्मेसी की 135 सीटें भरीं



## तकनीकी विवि की परीक्षाएं शुरू

## पुनर्मूल्यांकन के लिए सात जुलाई तक करें आवेदन

## तकनीकी विश्वविद्यालय में दस्तावेजों की जांच पूरी, 7 जुलाई से काउंसलिंग शुरू

## तकनीकी विवि: 26 जून से शुरू होंगी परीक्षा

## काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

## तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बी-फार्मेसी की 115 सीटें आवंटित

## तकनीकी विवि में 23 करोड़ के नए शैक्षणिक खंड का लोकार्पण

## एचपीटीयू में नए शैक्षणिक खंड का किया लोकार्पण

## तकनीकी विवि की शैक्षणिक परिषद ने रखा प्रस्ताव

## पालमपुर में ऑफ कैंपस खोलेगा तकनीकी विश्वविद्यालय

## तकनीकी विवि हमीरपुर में काउंसलिंग को करें आवेदन

## तकनीकी विवि: काउंसलिंग के लिए आज से करें ऑनलाइन आवेदन

## स्वरोजगार और उद्यमिता के बीच का अंतर समझाया



## तकनीकी विश्वविद्यालय में नशे के खिलाफ जागरूकता व्याख्यान



## समाज को मजबूत बनाने में भूमिका निभाएं युवा : प्रो. शशि

## समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएं युवा : प्रो. शशि


तकनीकी विवि में नशे के खिलाफ जागरूकता व्याख्यान



## तकनीकी विवि में उद्यमिता जागरूकता पर कार्यक्रम



## सुक्खू ने किया एचपीटीयू में 25 करोड़ के नए शैक्षणिक खण्ड का लोकार्पण



## विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री सुक्खू





खबर एक्सप्रेस

आज और कल नहीं होगी तकनीकी विवि में काउंसलिंग

## तकनीकी विवि को दें बहुविषयक विश्वविद्यालय का दर्जा : संघ



मुख्यमंत्री सुक्खू ने तकनीकी विवि के नए शैक्षणिक खंड का किया लोकार्पण



एसी की बैठक : इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीएचडी कराने पर चर्चा

## पालमपुर में ऑफ कैंपस खोलेगा तकनीकी विवि, इंजीनियरिंग कोर्स कराने का प्रस्ताव



## बी.फार्मेसी की 249 सीटें आवंटित



## तकनीकी विश्वविद्यालय में दूसरे दिन बी फार्मेसी की 249 सीटों का आवंटन

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर

## एच.पी.सी.ई.टी. के आधार पर बी.टैक. की काउंसलिंग आज और कल



## तकनीकी विवि में दूसरे दिन बीटेक की 191 सीटें आवंटित



## तकनीकी विवि: दूसरे दिन बीटेक की 191 सीटें आवंटित


■ एचपीसीईटी के आधार बीटेक की काउंसलिंग आज व कल

## मेरिट से बीटेक की 197 सीटें भरी

एचपीटीयू हमीरपुर में पहले चरण की काउंसलिंग शुरू



एम.एससी. भौतिक व पर्यावरण विज्ञान की काउंसलिंग 31 को



बी फार्मेसी : दूसरे चरण की काउंसलिंग में 64 सीटें आवंटित

## बी-फार्मेसी : 94 सीटें की आवंटित



## जेईई मेन की मेरिट के आधार पर 45 सीटें आवंटित



बी फार्मेसी की खाली सीटों के लिए काउंसलिंग आज



## तकनीकी विवि में दूसरे दिन बीटेक की 75 सीटें आवंटित



एसी की बैठक : इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीएचडी कराने पर चर्चा

## पालमपुर में ऑफ कैंपस खोलेगा तकनीकी विवि, इंजीनियरिंग कोर्स कराने का प्रस्ताव



पालमपुर में ऑफ कैंपस खोलेगा तकनीकी विश्वविद्यालय, शैक्षणिक परिषद में रखा प्रस्ताव

# HIMACHAL PRADESH TECHNICAL UNIVERSITY

(A State Government University Established Under State Legislative Act-16 of 2010)

## HAMIRPUR-177 001


प्रकाशक

कुलसचिव, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय

के लिए जनसंपर्क कार्यालय हि. प्र. तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित